# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 18.02.2024

**थाना कोतवाली शामली**

**एसओजी शामली एवं थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 02 मादक पदार्थ तस्करों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 181.53 किलो ग्राम गांजा (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) व तस्करी में प्रयुक्त ट्रक बरामद।**

आज दिनांक 18.02.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में एसओजी शामली एवं थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना पर कार्यवाही करते हुए **सिम्भालका बाईपास शामली-मेरठ रोड़** से 02 मादक पदार्थ तस्करों को 181.53 किलो ग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त 01 ट्रक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर अभियुक्त राजीव ने बताया कि मेरा टूर एण्ड ट्रैवल्स का काम है। मै वर्ष 2007 से इस काम में हूँ। पहले मै दिल्ली में नौकरी करता था। बस मालिकों से उनकी बसों को किराए पर लेकर सवारियों/लेवर/मजदूरों भारत भ्रमण पर भेजते थे। सन 2019 में कोरोना कारण काम बन्द हो गया तब मैं वापस शामली आ गया। हालात सही होने पर दोबारा करनाल अनाज मण्डी के पास टूर एण्ड ट्रैवल्स का काम शुरु किया और अपना आफिस खोल लिया। लेकिन वर्ष 2020 में कोरोना में काम बन्द होने की वजह से मुझ पर काफी कर्जा हो गया। उसी दौरान मेरी जान पहचान दादा वीरगंज जो नेपाल का रहने वाला है, उसने कहा कि आसाम गुवहाटी साईड से एक हरें रंग की घास आती है तुम इस बार जब बस भेजो तो मेरे लिए वो घास मंगवा देना मै उसके बदले तुम्हे अच्छे रुपये दूंगा। मुझे लगातार घाटा होने की वजह से मेरे घर में भी क्लेश रहने लगा और किराया भी समय पर नहीं जा पा रहा था। उसी दौरान अचानक फिर से मेरे पास दादा वीरगंज आये और कहने लगे कि आमदनी का काम है कर ले तेरी हालत बहुत खराब हो चुकी है। दो तीन बार माल लाने में ही तेरा सारा कर्जा उतर जाएगा तब मैने अपने भरोसे के ड्राइवर शाह मौम्महद को इस काम के लिए तैयार कर लिया। फिर हम लोग, दादा से मिलने मोतीहारी (बिहार) गये। दादा ने हमें हरी घास (गांजा) की तस्करी करने एवं एक चक्कर के ढाई से तीन लाख रुपये देने के लिए कहा तो हम दोनो तैयार हो गये। दादा ने कहा कि जैसे ही कोई माल बंगाल का या आसाम का मिले तो मुझे बता देना उधर से मै माल डलवा दूंगा। शाह मौहम्मद अपने ट्रक नं0 UP15DT4919 को लेकर बंगाल चला गया और वहां से माल खाली करके दादा के बताएनुसार अगरतला गया। दादा वीरगंज ने हरी घास (गांजा) के 42 पैकेट शाह मौहम्मद को दे दिये, जिन्हे लेकर शाह मौहम्मद वहां से बिहार होते हुए, गजरौला उ0प्र0 आकर मुझे भी खबर कर दी। मैं मेरठ गया और वहां से हम दोनों गाडी में बैठकर आ रहे थे कि शामली में सिम्भालका ओवरब्रिज के नीचे हमें पुलिस ने पकड लिया। दादा वीरगंज के पते के बारे में पूछा तो बताया कि वो नेपाल काठमाण्डू का रहने वाला है

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.राजीव शर्मा पुत्र धर्मवीर शर्मा निवासी ग्राम मालेण्डी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.शाह मौहम्मद उर्फ शान पुत्र मौहम्मद तहसीन निवासी मौहल्ला मीरा रैती कस्बा गढ थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 181.53 किलो ग्राम गांजा (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) ।

2.तस्करी में प्रयुक्त 01 अदद ट्रक रजि0 नम्बर-यू0पी0-15 डीटी 4919।

**गिरफ्तार एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.थानाध्यक्ष श्री समयपाल अत्री थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री राहुल कुमार सिसौदिया प्रभारी एसओजी जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
4.है0का0 राजू त्यागी थाना कोतवाली जनपद शामली।
5.है0का0 मोनू कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
6.है0का0 प्रदीप कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
7.है0का0 सुरेश कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
8.का0 मनीष कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।





**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ ट्राई रिक्शा बरामदः-**

आज दिनांक 18.02.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को चोरी किये ट्राई रिक्शा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 12.02.2024 को वादी श्री प्रवेज अहमद पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली जनपद शामली का ट्राई रिक्शा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रोहित पुत्र राजेश कश्यप निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी किया हुआ 01 विकलांग ट्राई रिक्शा।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- मु0अ0सं0 74/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री यूनुस खान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.है0का0 अमित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.का0 अनुज कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा उ0प्र0 आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 04 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद इलैट्रोनिक डिवाइस मय ईयरफोन, 04 अदद कूटरचित आधार कार्ड बरामदः-**

आज दिनांक 18.02.2024 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एंव प्रेन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा उ0प्र0 आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 04 सदस्यों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिनके कब्जे से 02 अदद इलैट्रोनिक डिवाइस मय ईयरफोन व 04 अदद कूटरचित आधार कार्ड बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरादमगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

**पूछताछ का विवरणः-**गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग वास्तविक परीक्षार्थियों से सम्पर्क कर पुलिस में भर्ती होने की एवज में 5-6 लाख रुपये लेकर उनके स्थान पर परीक्षा देते हैं। हम लोगों द्वारा दिनांक 18.02.2024 को भी परीक्षा में सम्मलित होने की योजना बनाई गयी थी। योजनानुसार हम लोग इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस को छिपाकर परीक्षा केन्द्र में ले जाकर परीक्षा के पेपर को सॉल्व करते हैं। परीक्षा केन्द्र के बाहर पेपर को सॉल्व कराने के लिए अन्य साथियों द्वारा इलैक्ट्रोनिक डिवाइस को ऑपरेट किया जाता है। आज भी जब हम लोग परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा में सम्मलित होने जा रहे थे तो पुलिस ने हमें पकड़ लिया गया।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.उस्मान पुत्र यूनुस निवासी ग्राम मन्नामाजरा थाना कैराना जनपद शामली।
2.शाहवेज पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना जनपद शामली।
3.रिजवान पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।
4.आसिफ पुत्र शमशेर निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1-02 अदद इलैक्ट्रोनिक डिवाइस मय ईयरफोन,
2-04 कूटरचित आधार कार्ड।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री विरेन्द्र कसाना थाना कैराना जनपद शामली।
2.उ0नि0 श्री शाह आलम थाना कैराना जनपद शामली।
3.है0का0 प्रमोद कुमार थाना कैराना जनपद शामली।
4.का0 अंकित कुमार थाना कैराना जनपद शामली।
5.का0 नितिन कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

